पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री राजीव गांधी की स्मृतियों को चिरस्थायी बनाने के लिये रंजना गाँव का नामकरण ‘राजीव गांधी रंजना’ करने की घोषणा

चर्चा में क्यों?

17 जनवरी, 2023 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के कोरबा ज़िले के कटघोरा विधानसभा के रंजना गाँव का नामकरण पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी के नाम पर ‘राजीव गांधी रंजना’के रूप में करने की घोषणा की।

प्रमुख बिंदु

- ज्ञातव्य है कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी 13 जुलाई, 1985 में ग्राम रंजना आए थे। उनकी स्मृतियों को चिरस्थायी बनाने के लिये मुख्यमंत्री ने गांव का नामकरण उनके नाम पर करने की घोषणा की है।
- इसके अलावा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ग्राम रंजना में ज़िला सहकारी केंद्रीय बैंक की शाखा प्रारंभ करने, नगर पालिका दीपका एवं बांकी मोंगरा में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रारंभ करने, भिलाई बाज़ार में उप-तहसील प्रारंभ करने, कटघोरा में फॉर्मेसी महाविद्यालय की घोषणा की।
- इसी तरह उन्होंने शासकीय महाविद्यालय बांकी मोंगरा के भवन निर्माण, कृषि विज्ञान केंद्र लखनपुर में कृषक प्रशिक्षण केंद्र भवन निर्माण, शासकीय हाईस्कूल बरिदा का उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में उन्नयन, शासकीय महाविद्यालय दीपका का नामकरण शहीद मूलचंद कंवर के नाम पर करने, ग्राम तिविरता में दादा हीरा सिंह मरकाम की प्रतिमा स्थापना की भी घोषणा की।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/announcement-to-name-ranjana-village-as-rajiv-gandhi-ranjana